[न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे] मुंबई, गुरुवार, 26 फरवरी 2026 । मूल्य 0.00, कुल पृष्ठ 4 [वर्ष: 12, डिजिटल अंक: 170, प्रधान संपादक : पवन जैन पदमावत] +91-9594542679 www.padmavatmedia.in padmavatmedia@gmail.com

**अनमोल वचन**

चोट मारने के लिए लोहे के गर्म होने की प्रतीक्षा न करें बल्कि इसे चोट मार-मार कर गर्म करें।

- तुलसीदास

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

PADMAVAT MEDIA

# पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

आसान प्रश्नपत्र से खिले छात्रों ... 03

04 ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ ...

## खबर संक्षेप

### मेवाड़ी रनर्स ने नई दिल्ली मैराथन 2026 में दर्ज किए व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय

**उदयपुर।** मेवाड़ी रनर्स के धावकों ने नई दिल्ली मैराथन 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय दर्ज किए।



फुल मैराथन और हाफ मैराथन दोनों श्रेणियों में धावकों ने अनुशासन और दृढ़ संकल्प के साथ दौड़ पूरी कर मेवाड़ का नाम रोशन किया। फुल मैराथन में राहुल रोत ने 3 घंटे 20 मिनट का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय बनाया। राहुल रांका ने 3 घंटे 30 मिनट, कौशल सिंघल ने 3 घंटे 57 मिनट, सौरव सिखवाल ने 4 घंटे 05 मिनट, जीतेंद्र पटेल ने 4 घंटे 06 मिनट तथा रितेश चित्तौड़ा ने 4 घंटे 17 मिनट में दौड़ पूरी की। हाफ मैराथन में पर्वत सिंह डेलवास ने 1 घंटा 51 मिनट का समय दर्ज किया। राजेंद्र सिंह ने 1 घंटा 59 मिनट, हिमानी पटेल ने 2 घंटे 08 मिनट, राहुल मीणा ने 2 घंटे 10 मिनट, सरिका जैन ने 2 घंटे 30 मिनट तथा वीरेंद्र सिंह ने 2 घंटे 45 मिनट में दौड़ पूरी की। मीडिया प्रभारी मुकेश कुमावत ने बताया कि धावकों की यह सफलता नियमित प्रशिक्षण और टीम भावना का परिणाम है।

### सांसद चुन्नीलाल गरासिया भारत-केरिकॉम संसदीय मैत्री समूह के सदस्य नियुक्त

**उदयपुर।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला ने राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, को भारत-केरिकॉम संसदीय मैत्री समूह का सदस्य नामित किया है। भारत की संसद द्वारा



अंतरराष्ट्रीय संसदीय सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारत-केरिकॉम (कैरेबियन समुदाय) संसदीय मैत्री समूह का गठन किया गया है। केरिकॉम (कैरेबियन समुदाय) एक क्षेत्रीय संगठन है जो कैरेबियन देशों के बीच आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक सहयोग बढ़ाने के लिए बनाया गया है। यह समूह 18वीं लोकसभा की अवधि के लिए गठित किया गया है। यह संसदीय मैत्री समूह भारत एवं कैरेबियन समुदाय के सदस्य देशों के बीच संसदीय संवाद, आपसी सहयोग, सांस्कृतिक आदान-प्रदान तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूती प्रदान करने के लिए कार्य करेगा। सांसद गरासिया ने इसके लिए लोकसभा अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत और केरिकॉम देशों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में वे पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे।

### ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण संपन्न

**नागौर।** जिले की विभिन्न पंचायत समितियों में नियुक्त ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण जिला परिषद सभागार नागौर में



आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में निर्वाचन प्रक्रिया की सावधानियों, कानूनी प्रावधानों तथा मतदान एवं मतगणना से जुड़ी बारीकियों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। सहायक प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण मानाराम पचार ने चुनाव संबंधी दिशा-निर्देशों और मतदान दलों के कर्तव्यों की जानकारी दी। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर चिरंजी लाल कमेड़िया ने पंच, सरपंच एवं अन्य पदों की पात्रता तथा रिटर्निंग अधिकारी के दायित्व समझाए। मास्टर ट्रेनर तुलछाराम गोदारा ने मतदान दलों की भूमिका और तकनीकी प्रक्रियाओं पर प्रकाश डाला, जबकि कृपाराम ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का व्यावहारिक अभ्यास करवाया। अंत में प्रश्नोत्तरी सत्र में प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

## कैबिनेट बैठक में बड़े फैसले

# दो से अधिक संतान वाले भी लड़ सकेंगे चुनाव, आर्थिक अपराधों पर सख्ती और नई औद्योगिक नीति को मंजूरी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को विधानसभा सचिवालय में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में राजस्थान पंचायती राज (संशोधन) विधेयक 2026 और राजस्थान नगरपालिका (संशोधन) विधेयक 2026 लाने, राजस्व आसूचना एवं आर्थिक अपराध निदेशालय के गठन, नई औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति को मंजूरी सहित विभिन्न प्रस्तावों पर सहमति दी गई। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ तथा संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने प्रेसवार्ता में जानकारी दी कि राजस्थान पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 19 तथा राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 24 में संशोधन कर दो से अधिक संतान वाले व्यक्तियों को भी पंचायतीराज संस्थाओं एवं नगरपालिकाओं के चुनाव लड़ने की अनुमति देने का निर्णय लिया गया है। बताया गया कि जब यह प्रावधान लागू किया गया था तब जनसंख्या वृद्धि दर अधिक थी, जबकि वर्तमान में प्रजनन दर घटकर 2 रह गई है, जिससे प्रतिबंध का औचित्य कम हो गया है।

साथ ही, सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय की अनुपालना में नगरपालिका अधिनियम से कुष्ठ




रोग को खतरनाक रोग की श्रेणी से हटाने का निर्णय लिया गया है, ताकि आगामी चुनावों में सभी नागरिकों को समान अवसर मिल सके।

### आर्थिक अपराधों की रोकथाम के लिए नया निदेशालय

आर्थिक अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए राज्य राजस्व आसूचना निदेशालय को समाप्त कर राजस्व आसूचना एवं आर्थिक अपराध निदेशालय गठित करने का निर्णय लिया गया। यह निदेशालय रियल एस्टेट धोखाधड़ी, बैंक-बीमा एवं एनबीएफसी से जुड़े वित्तीय अपराध, मल्टी लेवल मार्केटिंग ठगी, फर्जी प्लेसमेंट एजेंसी, सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा, स्टाम्प-पंजीयन अनियमितता, सहकारी समितियों में घोटाले और फर्जी कंपनियों के मामलों की जांच करेगा। विभिन्न विभागों से प्राप्त सूचनाओं का विश्लेषण कर राजस्व लीकेज और टैक्स चोरी पर निगरानी रखी जाएगी।

### राजस्थान औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति 2026

औद्योगिक विकास को गति देने के लिए राजस्थान औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति 2026 लाई जाएगी। निजी क्षेत्र में औद्योगिक पार्क विकसित करने हेतु चार मॉडल निर्धारित किए गए हैं। कम से कम 50 एकड़ क्षेत्र और न्यूनतम 10 औद्योगिक इकाइयों की स्थापना अनिवार्य होगी। राज्य सरकार सामान्य अवसंरचना विकास पर 20 प्रतिशत पूंजीगत अनुदान देगी, जिसकी अधिकतम सीमा 40 करोड़ रुपये तक होगी। सीईटीपी पर व्यय का 50 प्रतिशत प्रतिपूर्ति का भी प्रावधान किया गया है। अनुमोदन प्रक्रिया सिंगल विंडो प्रणाली से राज निवेश पोर्टल के माध्यम से होगी।

कैबिनेट के इन निर्णयों को प्रशासनिक सुधार, आर्थिक सुदृढ़ीकरण और औद्योगिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### 53 हेक्टेयर भूमि आवंटन, 500 करोड़ निवेश

मैसर्स ग्रोथ इंडस्ट्रीयल मिनरल्स प्रा. लि. को नीमकाथाना में 53 हेक्टेयर भूमि आवंटित करने का निर्णय लिया गया है। करीब 500 करोड़ रुपये के निवेश से बेनिफिकेशन एवं पेलेट प्लांट स्थापित होगा, जिससे लगभग 565 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा और स्टील वैल्यू चेन को मजबूती मिलेगी।

### राजस्थान मंडपम परियोजना स्व-वित्तपोषित मॉडल पर

टोंक रोड, जयपुर स्थित प्रस्तावित राजस्थान मंडपम परियोजना के संशोधित वित्तीय मॉडल को मंजूरी दी गई। अब परियोजना लगभग 5815 करोड़ रुपये की लागत से स्व-वित्तपोषित मॉडल पर विकसित होगी और 5825 करोड़ रुपये की अनुमानित आय से लगभग 10 करोड़ रुपये की शुद्ध आय संभावित है। इससे राज्य सरकार पर पूर्व में प्रस्तावित वित्तीय भार नहीं रहेगा।

### आयुर्वेद, योग एवं नेचुरोपैथी विश्वविद्यालय अजमेर

राजस्थान आयुर्वेद, योग एवं नेचुरोपैथी विश्वविद्यालय, अजमेर विधेयक 2026 के प्रारूप को स्वीकृति दी गई। इससे आयुष क्षेत्र में शिक्षण, प्रशिक्षण एवं अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा तथा मेडिकल टूरिज्म को प्रोत्साहन मिलेगा।

### वरिष्ठ ग्राम विकास अधिकारी पद का सृजन

ग्राम विकास अधिकारियों की मांग को देखते हुए 750 पदों को वरिष्ठ ग्राम विकास अधिकारी पद पर क्रमोन्नत करने का निर्णय लिया गया। नए पद पर 3600 ग्रेड पे और लेवल-10 का लाभ मिलेगा, जिससे पदोन्नति के अवसर बढ़ेंगे।

## थाना पचपदरा की बड़ी कार्यवाही: ऑपरेशन अश्ववेग के तहत हाईट्रांसमिशन लाइन से तार चोरी करने वाले गिरोह का मुख्य सरगना गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**बालोतरा।** जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन अश्ववेग के तहत थाना पचपदरा पुलिस ने हाईट्रांसमिशन लाइन से एल्युमिनियम तार चोरी करने वाले गिरोह के मुख्य सरगना को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। आरोपी की निशानदेही पर 02 क्विंटल एल्युमिनियम तार तथा बिना नम्बरी गेटवे वाहन जब्त किया गया है। पूर्व में इसी गिरोह के 04 सदस्यों इलियास, मूला, मुकेश व रोशन को गिरफ्तार कर करीब 7.5 क्विंटल तार एवं दो वाहन बरामद किए जा चुके हैं।

पुलिस अधीक्षक बालोतरा रमेश कुमार आईपीएस के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरफूल सिंह एवं वृत्ताधिकारी पचपदरा विकास कुमार के सुपरविजन में थानाधिकारी अचलाराम ढाका के नेतृत्व में गठित टीम ने यह कार्रवाई की।

प्रकरण में 04 फरवरी 2026 को प्रार्थी मुरलीधर गौड़ निवासी जोधपुर द्वारा रिपोर्ट दी गई थी कि स्टरलाइट कंपनी द्वारा





फतेहगढ़ से ब्यावर तक बिछाई जा रही 765 केवी हाईट्रांसमिशन लाइन के टावर संख्या 37/5, 37/6 एवं 37/7 के मध्य से करीब 1900 मीटर अर्थात लगभग 3500 किलोग्राम एल्युमिनियम केबल अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गए। इस पर थाना पचपदरा में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया।

दौराने अनुसंधान मुखबिर सूचना पर पहले इलियास खान, मूलाराम एवं मुकेश को डिटेन कर पूछताछ की गई, जिन्होंने चोरी करना स्वीकार किया। उनकी निशानदेही पर करीब 06 क्विंटल एल्युमिनियम तार एवं बिना नंबर की फॉर्च्यूनर गाड़ी जब्त की गई। इसके बाद रोशन खान को गिरफ्तार कर 1.5 क्विंटल तार व बोलेरो वाहन बरामद किया गया।

**गिरफ्तार आरोपी**

आसीन उर्फ कोजेखान पुत्र सुभानखान निवासी सुनगरियानाडा, गंगापुरा, केशरपुरा थाना पचपदरा।

इसी क्रम में गिरोह के मुख्य सरगना आसीन उर्फ कोजेखान पुत्र सुभानखान निवासी सुनगरियानाडा, गंगापुरा, केशरपुरा थाना पचपदरा को गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर 02 क्विंटल एल्युमिनियम तार एवं बिना नम्बरी गेटवे वाहन जब्त किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया है। प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान जारी है तथा अन्य संलिप्त आरोपियों की तलाश की जा रही है।

इस कार्रवाई में थानाधिकारी अचलाराम ढाका, सहायक उप निरीक्षक सोनाराम, हेड कांस्टेबल देदाराम तथा कांस्टेबल मेघाराम, सुरेन्द्र कुमार, मांगीलाल, ठाकर सिंह, अशोक कुमार, चैनाराम एवं प्रेमाराम शामिल थे।

## धौलपुर में पटवारी 50 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** एसीबी मुख्यालय जयपुर के निर्देश पर एसीबी चौकी धौलपुर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पटवार हल्का बसई सामन्ता तहसील धौलपुर में पदस्थापित पटवारी बीरेन्द्र कुमार शर्मा को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि एसीबी चौकी धौलपुर को शिकायत प्राप्त हुई थी कि परिवादी के पिता द्वारा 6 जनवरी 2026 को खाता संख्या 141 के खसरा नंबर 244, 249 एवं 476 की रजिस्ट्री अपने नाम कराई गई थी। उक्त रजिस्ट्री के आधार पर नामांतरण दर्ज करने की एवज में आरोपी पटवारी द्वारा 50 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की जा रही थी और परिवादी को लगातार परेशान किया जा रहा था। शिकायत का सत्यापन कराए जाने के बाद 25 फरवरी 2026 को एसीबी के उप महानिरीक्षक डॉ. रामेश्वर सिंह के सुपरविजन में पुलिस उप अधीक्षक ज्ञानचन्द के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की गई। टीम ने आरोपी बीरेन्द्र कुमार शर्मा को 50 हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान रिश्वत की राशि आरोपी के कमरे की खिड़की से बरामद की गई। आरोपी से पूछताछ की जा रही है तथा प्रकरण में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान जारी है। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव के सुपरविजन में पूरे मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

## मधुमक्खी पालन का एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न

**सलूंबर @ पदमावत मीडिया।** पंचायत समिति सभागार में एक दिवसीय जिला स्तरीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण आयोजित किया



गया, जिसमें जिले के विभिन्न ब्लॉकों से 63 किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में मधुमक्खी पालन की तकनीक, परागण, शहद एवं मोम उत्पादन तथा देशान्तर प्रक्रिया की जानकारी दी गई। उपनिदेशक उद्यान पुरुषोत्तम लाल भट्ट ने बताया कि मधुमक्खी पालन से फसलों की उत्पादकता बढ़ती है और किसानों को अतिरिक्त आय का स्रोत मिलता है। योजना के तहत एक किसान को अधिकतम 50 कॉलोनी एवं 50 बॉक्स पर अनुदान दिया जाता है। पात्र कृषकों को कुल लागत का 50 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जाता है। कोटा से आए विशेषज्ञ महेंद्र मालव ने कॉलोनी एवं बॉक्स का प्रायोगिक प्रदर्शन कर शहद संग्रहण एवं सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। अधिकारियों ने किसानों को विभिन्न उद्यानिकी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण के प्रति किसानों में उत्साह देखा गया और इसे आयवर्धक गतिविधि के रूप में अपनाने की रुचि व्यक्त की गई।

## थाना छोटीसादड़ी की बड़ी कार्रवाई

# 200 किलो 775 ग्राम अवैध डोडाचूरा जब्त, क्रेटा कार व मोटरसाइकिल सहित 03 आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**प्रतापगढ़।** जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत थाना छोटीसादड़ी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 200 किलो 775 ग्राम अवैध डोडाचूरा जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत लगभग 30 लाख रुपये आंकी गई है। परिवहन में प्रयुक्त क्रेटा कार तथा स्कॉटिंग में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी जब्त किया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्रसिंह जोधा एवं वृताधिकारी रामेश्वरलाल के मार्गदर्शन में थानाधिकारी प्रवीण टांक के नेतृत्व में टीम द्वारा बसेड़ा से आगे गजपुरा रोड पर नाकाबंदी की गई। इसी दौरान बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति तथा पीछे से आती क्रेटा कार संदिग्ध पाई गई। पुलिस को देखकर कार सवार भागने लगे, जिनमें से अर्जुन पाटीदार को पकड़ लिया गया, जबकि चालक फरार हो गया।




**गिरफ्तार आरोपी**

अर्जुन पुत्र शान्तिलाल पाटीदार निवासी अरनोदा थाना सदर निम्बाहेड़ा जिला चित्तौड़गढ़, राजू उर्फ दिलीप पुत्र जगदीश माली निवासी अरनोदा थाना सदर निम्बाहेड़ा जिला चित्तौड़गढ़ तथा देवकरण पुत्र रामनारायण जाट निवासी महीनगर थाना छोटीसादड़ी जिला प्रतापगढ़।

तलाशी में कार से 11 कट्टों में भरा 200 किलो 775 ग्राम डोडाचूरा बरामद हुआ। जांच में सामने आया कि मोटरसाइकिल सवार दोनों आरोपी कार की स्कॉटिंग कर रहे थे।

### मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव 28 को

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** मुख्यमंत्री के निर्देशन में आगामी 28 फरवरी को मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव आयोजित होगा। इसमें मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा नवनियुक्त अभ्यर्थियों-कार्मिकों से वर्चुअल संवाद करेंगे। उदयपुर में जिला स्तरीय कार्यक्रम ऑडिटोरियम हॉल नगर निगम में होगा। जिला कलक्टर नमित मेहता ने आयोजन को सफल बनाने क लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को नोडल तथा उपनिदेशक उपप्रादेशिक रोजगार कार्यालय को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

## पुलिस थाना हिरणमगरी की बड़ी कार्यवाही

# लूट के मामले में एक महिला सहित 02 आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** पुलिस थाना हिरणमगरी क्षेत्र में लूट की वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान जारी है। दिनांक 23 फरवरी 2026 को प्रार्थी पांचुराम मीणा पिता हरिराम निवासी चित्तोडिया थाना लसाडिया जिला सलूम्बर, हाल सब्जी मंडी थाना हिरणमगरी जिला उदयपुर ने रिपोर्ट दी कि वह उदयपुर शहर में मकान निर्माण कार्य में मिस्त्री का कार्य करता है। 22 फरवरी 2026 को शाम करीब 6 बजे कार्य समाप्त कर सब्जी मंडी के पास बस स्टैंड पर बैठा था। तभी एक लाल रंग की मोटरसाइकिल पर एक महिला व एक पुरुष उसके पास आए और मकान निर्माण कार्य दिखाने के बहाने उसे साथ ले गए। आरोपियों ने उसे प्रतापनगर चौराहे




के पास कालबेलिया डेरे में ले जाकर उसके कानों में पहनी सोने की एक जोड़ी बालियां, हाथ में पहना शेरमुखी चांदी का कड़ा तथा 7 हजार रुपये छीन लिए और धक्का देकर मौके से फरार हो गए। रिपोर्ट पर प्रकरण संख्या 73/26 धारा 309(4), 3(5) बीएनएस में दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। उदयपुर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश ओझा एवं वृताधिकारी नगर पूर्व सूर्यवीर सिंह के सुपरविजन में हिरणमगरी थानाधिकारी रवीन्द्र सिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा आसूचना व तकनीकी सहयोग से कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपीः मीरा देवी पत्नी सोहन निवासी बडलीयास जिला भीलवाड़ा हाल आचार वाली गली कुमावतपुरा थाना सूरजपोल जिला उदयपुर तथा शंकरलाल पुत्र रूपा निवासी गांव आटा थाना कुराबड़ जिला उदयपुर हाल आचार वाली गली कुमावतपुरा थाना सूरजपोल जिला उदयपुर। इस कार्रवाई में थानाधिकारी रवीन्द्र सिंह, सहायक उप निरीक्षक सुरेश कुमार, हेड कांस्टेबल मोहनलाल, महिला कांस्टेबल विधा तथा महिला कांस्टेबल सुमन शामिल थे।

**अल्पसंख्यक कारीगरों के लिए सुनहरा अवसर**

### लोक संवर्द्धन महोत्सव में आवेदन आमंत्रित

**डूंगरपुर @ पदमावत मीडिया।** अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रधानमंत्री विरासत का संवर्द्धन योजना के तहत लोक संवर्द्धन महोत्सव आयोजन हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ललित कुमार ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, पारसी और जैन समुदाय के कारीगरों को अपनी पारंपरिक कला, शिल्प, व्यंजन और सांस्कृतिक विरासत प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। महोत्सव का उद्देश्य कारीगरों को बाजार से जोड़ना, व्यावसायिक संबंध स्थापित करना तथा आजीविका संवर्द्धन को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि राजस्थान में भी लोक संवर्द्धन पर्व का आयोजन प्रस्तावित है। इच्छुक कारीगर अपना नाम, पता, समुदाय, कारीगर कार्ड संख्या, आधार कार्ड संख्या तथा शिल्प का विवरण आगामी तीन दिनों में जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय में प्रस्तुत करें।

## खबर संक्षेप

### थाना आंबापुरा की बड़ी कार्रवाई

## 1900 लीटर महुआ वॉश नष्ट, 50 लीटर देशी हथकढ़ शराब जब्त, 02 आरोपी गिरफ्तार

**बांसवाड़ा @ पदमावत मीडिया।** रेंज स्तरीय विशेष अभियान ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत अवैध शराब के विरुद्ध थाना आंबापुरा पुलिस ने सघन कार्रवाई करते हुए तीन प्रकरण



दर्ज किए, 1900 लीटर महुआ वॉश नष्ट किया, दो अवैध देशी हथकढ़ शराब भट्टियां ध्वस्त की तथा 50 लीटर अवैध देशी महुआ शराब जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक बांसवाड़ा सुधीर जोशी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरपत सिंह एवं उप अधीक्षक गोपीचंद मीणा के पर्यवेक्षण में थानाधिकारी निर्भयसिंह राणावत के नेतृत्व में टीम गठित की गई। मोजा आंबापाड़ा में आरोपी वजु पुत्र देवा मईडा के मकान के पीछे से 400 लीटर महुआ वॉश नष्ट कर भट्टी तोड़ी गई तथा 13 लीटर देशी महुआ शराब जब्त कर उसे गिरफ्तार किया गया। इसके बाद मोजा केसरपुरा में आरोपी परमेश पुत्र तगु मईडा को 7 लीटर अवैध शराब परिवहन करते गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में मोजा कुण्डला माही बैंक किनारे टापरी में दबिश देकर लगभग 1500 लीटर महुआ वॉश नष्ट किया गया, 30 लीटर देशी महुआ शराब एवं उपकरण जब्त किए गए। आरोपी बहादुर पुत्र कान्तीलाल राणा मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस ने दोनों गिरफ्तार आरोपियों को विधिक प्रावधानों के तहत गिरफ्तार कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है। अभियान के तहत अवैध शराब निर्माण व तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष श्री लखावत उदयपुर में

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री ओंकार सिंह लखावत 26 फरवरी को उदयपुर प्रवास पर रहेंगे। श्री लखावत 26 फरवरी को उदयपुर में महाराणा प्रताप ट्यूरिस्ट सर्किट के संबंध में इतिहासकारों, प्रबुद्धजनों एवं शोध संस्थानों के विशेषज्ञों के साथ बैठक कर विचार-विमर्श करेंगे। इसके पश्चात शाम 5 बजे अजमेर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## रोजगार शिविर आयोजित

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** उप-प्रादेशिक रोजगार कार्यालय के तत्वावधान में बुधवार को प्रतापनगर स्थित आईटीआई परिसर में एक दिवसीय रोजगार केम्पस शिविर का आयोजन किया गया। उपनिदेशक रोजगार मुकेश गुर्जर ने बताया कि रोजगार सहायता शिविर में 250 आशार्थियों ने भाग लिया। शिविर में एल आई सी आफिस देहली गेट उदयपुर, इक्वीटास स्माल फाईनेंस बैंक प्रा.लि उदयपुर, नूतन डिजाईन मार्ट प्रा.लि, द हि टेक गीयर्स प्रा.ली, महेन्द्रा नेम्स वेल्थ प्रा.लि, एड्राईड जाब इन्टरनेशनल आदि कम्पनियों द्वारा कुल 187 पदां पर आशार्थियों का प्रारम्भिक चयन किया गया एवं आशार्थी लाभान्वित किये गये।

## जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक बुधवार को जिला कलक्टर के निर्देशन एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़ की अध्यक्षता में हुई। प्रारंभ में अधीक्षण अभियंता पीएचईडी रविन्द्र चौधरी ने एजेण्डा बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए जल जीवन मिशन के तहत वर्तमान में स्वीकृत/प्रगतिरत योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। एडीएम श्री राठौड़ ने स्वीकृत कार्यां को समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्वास्थ्य केन्द्रों एवं ग्रामों में टेप नल कनेक्शन उपलब्ध कराने पर चर्चा की। श्री राठौड़ ने हर घर जल प्रमाणीकरण शत प्रतिशत सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। ग्राम पंचायतों द्वारा मापदण्ड अनुसार नल जल मित्रों के चयन पर चर्चा पर चर्चा करते हुए श्री चौधरी ने अवगत कराया कि नल जल मित्रों की चयन सूची जिला परिषद के माध्यम से प्राप्त हो गई है। हर घर जल के तहत जल सेवा आंकलन के लिए जिले को 13 ग्राम पंचायत का लक्ष्य मिला था, इनमें से 7 पंचायतें शहरी क्षेत्र में आ गई हैं तथा शेष में आंकलन पूर्ण कर लिया गया है।

### लैक्रोज खिलाड़ियों से राज्यपाल व मुख्यमंत्री की मुलाकात

# आत्मविश्वास और संकल्प को मिली नई उड़ान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** एशियन लैक्रोज गेम्स में भारतीय पुरुष एवं महिला टीम द्वारा सऊदी अरब के रियाद शहर में हासिल की गई ऐतिहासिक दोहरी स्वर्ण पदक उपलब्धि ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। इस अभूतपूर्व सफलता में राजस्थान के जनजातीय अंचल से आए खिलाड़ियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिनकी मेहनत, अनुशासन और संघर्ष आज देश के लिए प्रेरणा बन गया है। इस ऐतिहासिक जीत के बाद राजस्थान के इन होनहार खिलाड़ियों के सम्मान एवं मनोबल बढ़ाने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में राजस्थान के जनजातीय क्षेत्र से जुड़े खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों ने उदयपुर संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी के नेतृत्व में जयपुर स्थित लोक भवन में राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से शिष्टाचार भेंट की।

#### वित्तीय सहयोग और सम्मान

राज्यपाल के विवेकाधीन कोटे से लैक्रोज खेल को निरंतर मिल रहे वित्तीय सहयोग के लिए खिलाड़ियों, प्रशिक्षक एवं राजस्थान लैक्रोज संघ द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जनजाति विकास विभाग की ओर से लैक्रोज खेल पर आधारित बनफूल ट्राइबल डिजाइन स्टूडियो के जनजातीय कलाकार द्वारा निर्मित एक आकर्षक रंगीन पेंटिंग राज्यपाल को भेंट की गई, जो जनजातीय खिलाड़ियों के संघर्ष और सफलता का प्रतीक बनी।





### मुख्यमंत्री से भेंट, मिला सरकार का आश्वासन

राजस्थान लैक्रोज संघ के अध्यक्ष अशोक परनामी के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निवास पर उनसे मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों की ऐतिहासिक उपलब्धि की प्रशंसा करते हुए उन्हें मिठाई खिलाकर सम्मानित किया और कहा कि यह सफलता राजस्थान ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार की ओर से खेल संसाधन, प्रशिक्षण एवं आधारभूत सुविधाओं के लिए यथा संभव हर सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा भी उपस्थित रहे।

### पहली सरकारी लैक्रोज अकादमी की सौगात

खिलाड़ियों ने राजस्थान सरकार द्वारा बजट घोषणा में भारत की पहली सरकारी लैक्रोज अकादमी की स्वीकृति के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इससे प्रदेश के जनजातीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण का लाभ मिलेगा। साथ ही उदयपुर विकास प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन द्वारा महाराणा प्रताप खेल गांव में लैक्रोज मैदान निर्माण का कार्य भी लगभग पूर्णता की ओर है, जिससे भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के आयोजन का मार्ग प्रशस्त होगा।

### ऊँचे हौसले, बड़ा सपना

इन प्रेरणादायक मुलाकातों, सम्मान समारोहों और निरंतर सरकारी प्रोत्साहन के बाद खिलाड़ियों का मनोबल सातवें आसमान पर है। खिलाड़ी अब और अधिक आत्मविश्वास के साथ आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं एवं ओलंपिक जैसे बड़े मंच पर भारत के लिए स्वर्णिम सफलता दोहराने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। यह सफलता न केवल खेल जगत के लिए, बल्कि जनजातीय समाज के युवाओं के लिए भी यह संदेश है कि संघर्ष, समर्पण और अवसर मिलने पर कोई भी सपना असंभव नहीं होता।

### राज्यपाल ने की मुक्तकंठ से सराहना

राज्यपाल श्री बागडे ने एशियन लैक्रोज गेम्स में भारतीय टीम के शानदार प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि जनजातीय अंचल के खिलाड़ियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि अवसर, संसाधन और मार्गदर्शन मिले तो वे किसी भी अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों के अनुशासन, समर्पण और खेल भावना को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगी। राज्यपाल ने लैक्रोज खेल के समग्र विकास के लिए विशेष प्रावधान लागू करने का भरोसा दिलाया तथा ओलंपिक से पूर्व होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दीं।

#### प्रेरणादायक फिल्म का प्रदर्शन

कार्यक्रम के दौरान 13 मिनट की प्रेरणादायक डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। इस फिल्म में प्रमुखतः राजस्थान स्टेट माइन्स एंड मिनिरल्स लिमिटेड के आर्थिक सहयोग से जनजातीय अंचल के खिलाड़ियों के संघर्ष, सीमित संसाधनों के बावजूद कठिन परिश्रम और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने की कहानी को भावनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिसे सभी उपस्थितजनों ने सराहा।

#### विशिष्ट जनों की गरिमामयी उपस्थिति

इस सम्मान समारोह में जनजाति विकास विभाग के सचिव वरिष्ठ आईएएस कुंजीलाल मीणा, राजस्थान राज्य खेल परिषद के अध्यक्ष आईएएस नीरज के. पवन, लोक भवन के सचिव आईएएस डॉ. पृथ्वीराज, अतिरिक्त आयुक्त निशु कुमार अग्निहोत्री, राजस्थान लैक्रोज संघ के अध्यक्ष अशोक परनामी, सीईओ शहजाद खान, बीडीओ प्रियंका मीणा सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी एवं खेल जगत से जुड़े गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### तेजाजी नगर थाना की बड़ी कार्रवाई

# अपहरण कर लूट की सनसनीखेज वारदात का चंद घंटों में खुलासा, पांच शातिर बदमाश गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**इंदौर।** शहर में संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने के अभियान के तहत तेजाजी नगर थाना पुलिस ने अपहरण कर लूट की सनसनीखेज वारदात का चंद घंटों में खुलासा करते हुए पांच शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मशरुका एवं घटना में प्रयुक्त वाहन सहित लगभग 10 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति बरामद की गई है।

पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित सिंह तथा पुलिस उपायुक्त जोनझ्र01 कृष्ण लालचंदानी के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-01 सुमित केरकेट्टा एवं सहायक पुलिस आयुक्त आजाद नगर रविन्द्र बिलवाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी तेजाजी नगर निरीक्षक देवेन्द्र मरकाम के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई की गई।

#### घटना का विवरण

23 फरवरी 2026 को थाना तेजाजी नगर क्षेत्र अंतर्गत कैलोद फाटा बायपास रोड पर हुंडई ओरा कार क्रमांक टढ072649 में सवार पांच आरोपियों ने पीड़ित का अपहरण कर लूट की वारदात को अंजाम दिया था। घटना की सूचना मिलते ही अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया तथा सीसीटीवी फुटेज एवं तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सभी पांच आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से लूटा गया माल एवं घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि सभी आरोपी आदतन आपराधिक प्रवृत्ति के हैं। इनके विरुद्ध थाना बाणगंगा, चंदननगर, एरोड्रम एवं हातोद में लूट, अवैध वसूली, अवैध हथियार, मारपीट सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में पूर्व से कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।



**गिरफ्तार आरोपी**

नितेश निवासी बाणगंगा इंदौर, अर्जुन निवासी बाणगंगा इंदौर, विजय निवासी चंदननगर इंदौर, सुक्सीन निवासी बाणगंगा इंदौर, संजय निवासी चंदननगर इंदौर

#### टीम की महत्वपूर्ण भूमिका

कार्रवाई में निरीक्षक देवेन्द्र मरकाम, उपनिरीक्षक अविनाश नागर, प्रधान आरक्षक देवेन्द्र परिहार, आरक्षक कैलाश विश्वकर्मा, अरुण घुरैया, दीपेन्द्र राणा, प्रदीप रावत, अम्मूलाल तथा साइबर सेल जोनझ्र01 के आरक्षक प्रशांत मण्डलोई एवं अमित खत्री की सराहनीय भूमिका रही।

## आस्था, तकनीक और सेवा का संगम, खाटूधाम में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

### राजस्थान पुलिस बनी सुरक्षा का अभय कवच





पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** सीकर जिले में स्थित विश्वविख्यात खाटूश्यामजी धाम में आयोजित फाल्गुनी लक्खी मेला इस वर्ष आस्था, अनुशासन और आधुनिक प्रबंधन का अद्वितीय उदाहरण बनकर सामने आया है। 21 से 28 फरवरी तक चल रहे मेले में लगभग 35 लाख श्रद्धालुओं के आगमन का अनुमान है। राजस्थान पुलिस, जिला प्रशासन और मंदिर समिति के समन्वित प्रयासों से सुरक्षा और सुविधा की व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। मुख्य मेले और फाल्गुन एकादशी की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए पुलिस अधीक्षक सीकर प्रवीण नायक नूनावत ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन की समीक्षा की। अधिकारियों ने मेला बाजार, मुख्य मंदिर परिसर और पार्किंग स्थलों का दौरा कर व्यवस्थाओं को परखा तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्कता और सेवा भाव के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।


मेले की विशालता को देखते हुए पूरे क्षेत्र को 22 मुख्य सेक्टर और 350 सब-सेक्टर में विभाजित किया गया है। 5 हजार से अधिक पुलिस अधिकारी और जवान तैनात किए गए हैं। सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन से निगरानी की जा रही है तथा केंद्रीकृत कंट्रोल रूम से रियल टाइम मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है। मंदिर परिसर और प्रवेश द्वारों पर 44 डिजिटल एलईडी स्क्रीन लगाई गई हैं, जिन पर दर्शन की प्रतीक्षा अवधि, आरती समय और अन्य महत्वपूर्ण सूचनाएं प्रदर्शित की जा रही हैं।

यातायात व्यवस्था को सरल बनाने के लिए चार बड़े निःशुल्क पार्किंग स्थल विकसित किए गए हैं, जिन्हें अलग-अलग रंगों से चिन्हित किया गया है। श्रद्धालुओं को पार्किंग से दर्शन स्थल तक पहुंचाने के लिए 2000 ई-रिक्शा संचालित किए जा रहे हैं। इससे अनावश्यक जाम की स्थिति पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सका है। रींगस से खाटू तक 17 किलोमीटर लंबा विशेष पैदल कॉरिडोर बनाया गया है, जो पूर्णतः वाहन मुक्त है। यहां पेयजल, प्रकाश और विश्राम की पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। मेला क्षेत्र में 12 पुलिस सहायता बूथ स्थापित किए गए हैं, जहां गुमशुदगी, खोया-पाया और आपातकालीन सहायता उपलब्ध है। हेल्पलाइन नंबर 112 और 9667600788 भी जारी किए गए हैं। मेले के शुरूआती चार दिनों में ही लाखों श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। अत्याधुनिक गणना कैमरों से भीड़ का सटीक आंकलन किया जा रहा है। 14 कतारों वाली सुव्यवस्थित दर्शन प्रणाली के कारण श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन हो रहे हैं। दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक श्रद्धालुओं के लिए विशेष वाहन और व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई है। पुलिसकर्मी स्वयं उन्हें सम्मानपूर्वक दर्शन करवाने में सहयोग कर रहे हैं। इस बार पुलिस और जनता के बीच विश्वास को सुदृढ़ करने के लिए सेल्फी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया है। साथ ही नशामुक्ति और साइबर जागरूकता अभियान के माध्यम से सामाजिक संदेश भी दिया जा रहा है। भक्ति के इस महापर्व में जहां श्रद्धा का सैलाब उमड़ रहा है, वहीं राजस्थान पुलिस की सजगता, संवेदनशीलता और तकनीकी प्रबंधन ने मेले को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# नवी मुंबई में अवैध नृत्य बार रैकेट पर सख्ती का बिगुल

## मुख्यमंत्री के कड़े रुख का मोहित गुप्ता ने किया समर्थन

नवी मुंबई में तथाकथित आर्केस्ट्रा बारों की आड़ में संचालित बताए जा रहे संगठित आर्थिक शोषण तंत्र के विरुद्ध महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा विधानसभा में दिए गए कड़े संदेश के बाद इस विषय ने व्यापक चर्चा का रूप ले लिया है। इस संदर्भ में नेशनल ह्यूमन राइट्स एंटी क्राइम एंड एंटी करप्शन ब्यूरो के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहित गुप्ता ने विस्तृत और स्पष्ट वक्तव्य जारी कर मुख्यमंत्री के निर्णायक कदम का समर्थन किया है तथा आभार व्यक्त किया है। मोहित गुप्ता ने अपने बयान में कहा कि राज्य की अस्मिता और कानून की गरिमा के साथ खिलवाड़ करने वालों को अब स्पष्ट चेतावनी मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि ऐसी कठोर, निष्पक्ष और निर्णायक कार्रवाई का साहस मजबूत नेतृत्व ही दिखा सकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में किसी भी अवैध नृत्य बार या संगीत कार्यक्रमों की आड़ में संचालित गोरखधंधे को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि नवी मुंबई में कुछ स्थानों पर नृत्य बारों के नाम पर संगठित भावनात्मक और आर्थिक ठगी के रैकेट संचालित होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। यह केवल कानून का उल्लंघन नहीं, बल्कि समाज की जड़ों पर आघात है। कथित रूप से झूठे संबंधों का भ्रम पैदा कर, साथ रहने का दिखावा कर अथवा व्यक्तिगत निकटता का जाल बिछाकर लोगों को आर्थिक रूप से शोषित किया जा रहा है। मोहित गुप्ता ने कहा कि ऐसे मामलों में कई उद्योगपति आर्थिक संकट में फंस गए, अनेक परिवार टूटने की कगार पर पहुंचे और युवा पीढ़ी तेजी से इस जाल में फंसती जा रही है। यह स्थिति केवल अनैतिक आचरण का प्रश्न नहीं है, बल्कि एक संगठित सामाजिक-आर्थिक अपराध का स्वरूप धारण कर चुकी है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस प्रकार का रैकेट अनियंत्रित रूप से बढ़ता रहा तो भविष्य में नवी मुंबई आर्थिक और सामाजिक अस्थिरता का केंद्र बन सकता है। इसलिए अब समय आ गया है कि उदाहरणात्मक और सार्वजनिक रूप से कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस प्रकार के शोषण उद्योग को बढ़ावा देने का साहस न कर सके। मोहित गुप्ता ने स्पष्ट किया कि उनका संगठन शीघ्र ही संबंधित विभागों को प्रमाण सहित ज्ञापन सौंपेगा। आवश्यकता पड़ने पर विधिसम्मत कानूनी कार्रवाई की पहल भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि संगठन राज्य सरकार के साथ खड़ा है और विश्वास करता है कि कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए निर्णायक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने अंत में कहा कि न्याय केवल होना ही नहीं चाहिए, बल्कि दृश्यमान और प्रभावी भी होना चाहिए, ताकि समाज में कानून के प्रति विश्वास और अनुशासन बना रहे।



**मोहित गुप्ता**
संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष
नेशनल ह्यूमन राइट्स एंटी क्राइम एंड एंटी करप्शन ब्यूरो
@padmavatmedia.in

# राज्य और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास हेतु प्रार्थना, 108 श्री राम महायज्ञ में दी आहुति





पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे बुधवार को आयोजित कोटि होमात्मक नव दिवसीय 108 श्री राम महायज्ञ में सम्मिलित हुए और विधि-विधान से आहुति अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने शांति, आध्यात्मिक उन्नयन तथा राज्य और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रार्थना की।

महायज्ञ में सहभागिता करते हुए उन्होंने कहा कि यज्ञ सनातन संस्कृति की सर्वकल्याणकारी दृष्टि का प्रतीक है। यह केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सकारात्मक ऊर्जा और सामूहिक मंगल की भावना का सशक्त माध्यम है।

उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति अजेय है और यज्ञ जैसे पवित्र अनुष्ठान समाज को नैतिकता, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना की दिशा में प्रेरित करते हैं। यज्ञ से वातावरण में पवित्रता के साथ सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, जो व्यक्ति और समाज दोनों के लिए कल्याणकारी है। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने भी राष्ट्र और समाज की उन्नति के लिए प्रार्थना की। आयोजन स्थल पर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक वातावरण का विशेष संचार दिखाई दिया।

## आसान प्रश्नपत्र से खिले छात्रों के चेहरे



**संवाददाता : दीपक शर्मा**

**कानोड़ @ पदमावत मीडिया।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित आठवीं बोर्ड परीक्षा केंद्र पीएम श्री चतुर उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को सामाजिक अध्ययन का प्रश्नपत्र संपन्न हुआ। परीक्षा देकर केंद्र से बाहर निकलते ही विद्यार्थियों के चेहरे पर संतोष और प्रसन्नता साफ झलक रही थी। अधिकांश विद्यार्थियों ने प्रश्नपत्र को सरल और सहज बताया। विद्यार्थियों ने बताया कि राजस्थान अध्ययन से संबंधित प्रश्न अपेक्षाकृत आसान रहे। महिला अधिकार, महिला आयोग, महिला शिक्षा तथा सामाजिक सुधार आंदोलनों से जुड़े प्रश्न भी सीधे और स्पष्ट थे। इससे विद्यार्थियों को उत्तर लिखने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हुई। परीक्षा समाप्ति के बाद केंद्र के बाहर प्रतीक्षा कर रहे अभिभावकों से जब बच्चों की मुलाकात हुई तो विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्नपत्र की चर्चा करते हुए उसे आसान बताया। अभिभावकों ने भी बच्चों की संतुष्टि देख राहत की सांस ली। छात्र प्रियांशु पटेल ने बताया कि महिला शिक्षा के क्षेत्र में रमा बाई के संघर्ष, सन 1857 की क्रांति, औद्योगिक नीति, खनिज नीति सहित कई विषयों पर सरल प्रश्न पूछे गए। उन्होंने कहा कि विद्यालय में नियमित अध्ययन और शिक्षकों के मार्गदर्शन के कारण प्रश्नपत्र सहज प्रतीत हुआ।

## खबर संक्षेप

### शुद्ध आहार, मिलावट पर वार अभियान के तहत

## फूड लाइसेंस रजिस्ट्रेशन शिविर आयोजित

**सलूंबर @ पदमावत मीडिया।** जिले में संचालित शुद्ध आहार, मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत शहर स्थित आशीर्वाद



गार्डन में जिला खाद्य एवं सुरक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 80 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अधिकांश को मौके पर ही लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन जारी किए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेंद्र कुमार परमार ने बताया कि शिविर में किराना व्यापारी, मिठाई दुकानदार, होटल संचालक, फल-सब्जी विक्रेता सहित अनेक खाद्य कारोबारियों को नए लाइसेंस तथा नवीनीकरण की सुविधा दी गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी घनश्याम सिंह सोलंकी ने खाद्य सुरक्षा मानकों, स्वच्छता एवं गुणवत्ता नियंत्रण संबंधी आवश्यक प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 12 लाख रुपये से अधिक वार्षिक कारोबार वाले व्यापारियों के लिए फूड लाइसेंस तथा इससे कम कारोबार वालों के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। विभाग ने स्पष्ट किया कि मिलावट के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा और ऐसे शिविरों के माध्यम से व्यापारियों को सुविधा प्रदान की जाएगी।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

**राजसमंद @ पदमावत मीडिया।** जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा की अध्यक्षता



में जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला हाईवे सेफ्टी टास्क फोर्स की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा यातायात नियमों की सख्त पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। एक जनवरी से इकतीस जनवरी 2026 तक आयोजित सड़क सुरक्षा माह की प्रगति की समीक्षा कर विभागवार अनुपालना पर जोर दिया गया। राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों का सड़क सुरक्षा ऑडिट कराने, चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर सुधार कार्य, एंबुलेंस की पूर्व तैनाती तथा सघन प्रवर्तन अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। हेलमेट, सीट बेल्ट, नशे में वाहन संचालन, ओवरलोडिंग, अंडरएज ड्राइविंग एवं अवैध पार्किंग के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने पर बल दिया गया। जिला कलक्टर ने स्पष्ट किया कि विभागों के समन्वित प्रयासों से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए समयबद्ध कार्ययोजना लागू की जाएगी।

## आचार्य 108 विहर्ष सागर जी का आयड़, उदयपुर में मंगल प्रवेश

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जैन समाज के श्रद्धा केंद्र आचार्य 108 विहर्ष सागर जी का पावन मंगल प्रवेश आयड़, उदयपुर में



श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। जिलों की नगरी उदयपुर में पहली बार गुरु संघ का आगमन होने से समाज में व्यापक उत्साह और आध्यात्मिक उल्लास का माहौल देखा गया। आचार्य विहर्ष सागर जी का चातुर्मास पूर्व में सलूंबर में संपन्न हुआ था, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ प्राप्त किया। चातुर्मास के पश्चात गुरु संघ का उदयपुर आगमन समाज के लिए विशेष महत्व रखता है। मंगल प्रवेश के अवसर पर प्रातःकाल से ही श्रद्धालु मार्ग में पंक्तिबद्ध होकर दर्शन के लिए उपस्थित रहे। आयड़ क्षेत्र जयघोष, धर्मध्वजाओं और मंगल गान से गुंजायमान हो उठा। गुरु संघ के स्वागत में समाजजनों ने भक्ति भाव से सहभागिता की। श्री पार्श्व पुण्योदय धर्मार्थ एवं सेवार्थ समिति मामादेव, उदयपुर के गुरु भक्तों ने आचार्य संघ का विहार शिसवी, साकरोदा, लकड़वास और कानपुर मार्ग से उदयपुर तक करवाने का सौभाग्य प्राप्त किया। समिति के सदस्यों द्वारा पूरे विहार मार्ग में व्यवस्था, स्वागत और धर्म लाभ की व्यापक तैयारियां की गईं।

## पंचायती राज आम चुनाव 2026 : जिले में मतदाताओं की संख्या बढ़कर 7,73,222 हुई

### दावे-आपत्तियों के निस्तारण उपरांत अंतिम मतदाता सूची जारी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**राजसमंद।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव 2026 के तहत निर्वाचक नामावलियों का प्रारूप प्रकाशन 29 जनवरी 2026 को किया गया था। उस समय जिले में कुल 7,52,926 मतदाता दर्ज थे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 29 जनवरी से 7 फरवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की गईं तथा उनका नियमानुसार निस्तारण किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी (अति. कलक्टर) राजसमंद नरेश बुनकर ने बताया कि प्ररूप-1 के अंतर्गत नाम सम्मिलित करने हेतु कुल 26,227 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 25,163 स्वीकृत तथा 1,068 अस्वीकृत किए गए। प्ररूप-2 के तहत नाम सम्मिलित किए जाने के आक्षेप संबंधी 4,890 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 4,867 स्वीकृत तथा 23 अस्वीकृत किए गए। इसी प्रकार प्ररूप-3 के अंतर्गत प्रविष्टियों में संशोधन हेतु 333 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 325 स्वीकृत तथा 8 अस्वीकृत किए गए। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा दावे एवं आपत्तियों से संबंधित आवेदन पत्रों की सूची प्रपत्र 3, 4 एवं 5 में तैयार कर प्रत्येक कार्य दिवस को कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की गई। सभी प्राप्त दावे-आपत्तियों का समयबद्ध निस्तारण कर 25 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। अंतिम प्रकाशन के अनुसार जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 2.69 प्रतिशत वृद्धि के साथ 7,73,222 हो गई है।

## जयसमंद पंचायत समिति भवन आवंटित भूमि पर ही बनाने की मांग, सराड़ा एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयसमंद।** जयसमंद पंचायत समिति भवन निर्माण को लेकर आवंटित भूमि पर ही निर्माण कार्य किए जाने की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। गुरुवार को क्षेत्र के प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने सराड़ा उपखंड अधिकारी आकांक्षा दुबे को ज्ञापन सौंपकर जनभावनाओं से अवगत कराया।

वीरपुरा प्रशासक गोता मीणा, देहात एसटी मोर्चा उपाध्यक्ष शांतिलाल मीणा, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि देवीलाल मीणा, समाजसेवी जवाहरलाल मीणा, जगदीश मीणा, प्रकाश मीणा, नरेश पटेल एवं प्रदीप मेहता के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि पंचायत समिति के लिए पूर्व में आवंटित भूमि को बदलने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे क्षेत्रवासियों में आक्रोश व्याप्त है।



ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि पंचायत समिति के लिए जो भूमि आवंटित की गई है, वह भवन निर्माण के लिए पूर्णतः उपयुक्त है। उक्त भूमि उदयपुरझबांसवाड़ा राज्य मार्ग के निकट स्थित है, जिससे आवागमन की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही इसी मार्ग पर तहसील कार्यालय संचालित होने से आमजन को दोनों विभागों के कार्य एक ही स्थान पर सुगमता से निपटाने में सुविधा होगी, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी।

क्षेत्रवासियों ने बताया कि वर्तमान आवंटित भूमि 24 ग्राम पंचायतों के मध्य स्थित होने के कारण ग्रामीणों के लिए सरकारी कार्यों में आसानी रहेगी। जयसमंद को पंचायत समिति का दर्जा दिलाने के लिए क्षेत्र की जनता ने लंबे समय तक संघर्ष किया है। ऐसे में यदि आवंटित भूमि को बदलकर भवन का निर्माण अन्यत्र किया जाता है तो यह जनभावनाओं के विपरीत होगा।

ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि पंचायत समिति भवन का निर्माण निर्धारित आवंटित भूमि पर नहीं किया गया तो क्षेत्र की जनता को शासन-प्रशासन के विरुद्ध जनआंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए पंचायत समिति भवन का निर्माण पूर्व आवंटित भूमि पर ही करवाया जाए।

## नाथद्वारा में गैर कृषि भूमि उपयोग नियमों की समीक्षा की मांग

### विधानसभा में विशेष उल्लेख प्रस्ताव प्रस्तुत

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर/नाथद्वारा।** नाथद्वारा से विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने राजस्थान विधानसभा में विशेष उल्लेख प्रस्ताव के माध्यम से नाथद्वारा शहर में गैर कृषि भूमि उपयोग की अनुमति एवं आवंटन नियम 2012 के नियम 3(2) की व्यापक समीक्षा की मांग उठाई।

सदन में विषय रखते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रावधानों के तहत नाथद्वारा सहित माउंट आबू, जैसलमेर और पुष्कर जैसे कुछ चुनिंदा शहरों को विशेष रूप से इस नियम के दायरे में रखा गया है, जिससे भूमि उपयोग परिवर्तन की प्रक्रिया जटिल हो गई है। उन्होंने प्रश्न उठाया कि नाथद्वारा को इस श्रेणी में रखने के पीछे कोई ठोस कारण या स्पष्ट नीति आधार प्रस्तुत नहीं किया गया है।

उन्होंने बताया कि राजस्थान लैंड रेवेन्यू एक्ट 1956 में इस प्रकार के पृथक्करण का स्पष्ट उल्लेख नहीं है, फिर भी वर्ष 2012 में लागू नियमों के कारण



आम नागरिकों को भूमि उपयोग परिवर्तन में अनावश्यक विलंब, प्रशासनिक जटिलताओं और विकास कार्यों में बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। इससे स्थानीय विकास प्रभावित हो रहा है तथा नागरिकों को अतिरिक्त प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है।

विधायक ने यह भी कहा कि अन्य शहरों में भूमि उपयोग परिवर्तन की जिम्मेदारी स्थानीय निकायों को सौंपी गई है, जबकि नाथद्वारा जैसे शहरों में अलग प्रावधान होने से असमानता की स्थिति बन रही है। उन्होंने पारदर्शी व्यवस्था, स्पष्ट दिशा-निर्देश और जवाबदेही सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कहा कि नियमों की समीक्षा कर ऐसी प्रणाली विकसित की जानी चाहिए जिससे प्रक्रियाएं सरल हों, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण हो और जनहित सर्वोपरि रखा जाए।

उन्होंने सुझाव दिया कि शहरों की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पहचान को ध्यान में रखते हुए व्यावहारिक और संतुलित नियम बनाए जाएं। विकास कार्यों की जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन को सौंपे जाने से योजनाबद्ध विस्तार सुनिश्चित होगा और शहर की मूल पहचान भी संरक्षित रह सकेगी।

विधायक ने राज्य सरकार से आग्रह किया कि गैर कृषि भूमि उपयोग नियम 2012 के संबंधित प्रावधानों की पुनः व्यापक समीक्षा कर नाथद्वारा को राहत प्रदान की जाए, ताकि विकास कार्यों को गति मिले, प्रशासनिक पारदर्शिता बढ़े और आमजन को अनावश्यक परेशानियों से मुक्ति मिल सके।

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक, मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूंबर।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार सलूंबर विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश मीणा की अध्यक्षता में जिला कलेक्टर कक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। 29 जनवरी 2026 को पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव हेतु निर्वाचक नामावलियों का प्रारूप प्रकाशन किया गया था, जिसमें 4,67,573 मतदाता दर्ज थे। दावे एवं आपत्तियों की अंतिम तिथि तक 13,850 दावे तथा 4,992 आपत्तियां प्राप्त हुईं। जांच उपरांत अधिकांश दावे एवं आपत्तियां स्वीकृत की गईं। 25 फरवरी 2026 को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया गया। अंतिम प्रकाशन तक मतदाताओं की संख्या में 8,842 की वृद्धि दर्ज हुई और कुल मतदाता संख्या 4,76,415 हो गई, जिसमें 2,42,154 पुरुष एवं 2,34,261 महिला मतदाता शामिल हैं। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. दिनेश राय सापेला सहित संबंधित अधिकारी एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की मासिक बैठक आयोजित, शुद्ध पेयजल आपूर्ति पर जोर



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूंबर।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला की अध्यक्षता में जिला कलेक्टर परिसर स्थित वीसी कक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में जल जीवन मिशन के तहत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जल नमूनों की नियमित जांच तथा शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। प्रत्येक पात्र परिवार तक नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने, हर घर जल प्रमाणिकरण पूर्ण करने तथा ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए संवर्धन कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया गया। बैठक में स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों और स्वास्थ्य संस्थानों में टेप नल कनेक्शन की प्रगति पर भी चर्चा हुई। संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## भंडारी को वैकुंठी में बिठा कर दी अंतिम विदाई

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

**भीनमाल।** शहर के प्रतिष्ठित व्यक्ति लब्धिराज भंडारी के असामायिक निधन के समाचार सुन कर बड़ी संख्या में नगरवासी उनके निवास स्थान पर पहुंचे।

लब्धिराज भंडारी के निधन के बाद समाज की परम्परा के अनुसार उनके लिए वैकुंठी का निर्माण किया गया। करीब पचास लोगों ने उन्हें माल्यार्पण कर तथा महिलाओं ने तिलक



लगाकर, आरती उतार कर उन्हें अंतिम विदाई दी। उनकी अंतिम यात्रा में ढोल-थाली, बैण्ड बाजे के साथ गीत गाते हुए नागरिक चल रहे थे। उल्लेखनीय है कि भंडारी परिवार में 25 वर्षों बाद वैकुंठी में अंतिम विदाई दी गई।

## घटिया इस्पात पर रोक के लिए जागरूकता शिविर आयोजित

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** स्थानीय स्तर पर मानकों के उल्लंघन की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से भारतीय मानक ब्यूरो और जेएसडब्ल्यू इस्पात के संयुक्त तत्वावधान में टोंक मार्ग स्थित सभागार में मानक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 100 से अधिक विक्रेताओं और थोक व्यापारियों ने भाग लिया। संयुक्त निदेशक दीपक लोधवाल और पवन कुमार ने कहा कि मानक अनुरूप न बनाए गए इस्पात उत्पाद उपभोक्ता सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं और भवनों की संरचनात्मक मजबूती को प्रभावित करते हैं। उन्होंने गुणवत्ता मानकों के पालन को जनसुरक्षा से जुड़ा दायित्व बताते हुए केवल प्रमाणित इस्पात के उपयोग पर जोर दिया। जेएसडब्ल्यू इस्पात के प्रतिनिधियों ने भी गुणवत्ता से समझौता न करने का संदेश दिया।

## परिवाद निस्तारण में लापरवाही पर होगी जवाबदेही तय, फील्ड वेरिफिकेशन अनिवार्य : अतिरिक्त जिला कलेक्टर

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूंबर।** संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ दिनेश राय सापेला की अध्यक्षता में जिला कलेक्टर परिसर स्थित वीसी कक्ष में जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में लंबित प्रकरणों की विभागवार और ब्लॉकवार समीक्षा कर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता से संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने मुख्यमंत्री के निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रकरणों का अनिवार्य रूप से भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए। जिन मामलों में परिवादी निस्तारण के बाद असंतुष्ट रहे हैं, उन्हें प्राथमिकता से पुनः जांचने को कहा गया। अस्वीकृत प्रकरणों की भी पुनः समीक्षा कर



परिवादियों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए वास्तविक समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी निर्धारित की जाएगी और आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। राज्य सरकार की मंशा है कि आमजन को त्वरित राहत मिले, इसलिए प्रकरण दर्ज होते ही समयबद्ध कार्यवाही प्रारंभ की जाए ताकि लंबित मामलों की संख्या न बढ़े। बैठक में निर्देश दिए गए कि जिन विभागों में अधिक प्रकरण लंबित हैं, वे नियमित समीक्षा बैठक आयोजित कर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें। सभी उपखंड अधिकारियों और जिला स्तरीय अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर फील्ड में जाकर शिकायतों का सत्यापन करने के निर्देश दिए गए। जहां मौके पर निरीक्षण आवश्यक हो, वहां व्यक्तिगत रूप से पहुंचकर वास्तविक स्थिति का आकलन कर समाधान प्रदान करने पर जोर दिया गया। निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए कहा गया कि केवल औपचारिक जवाब देने के बजाय स्थायी और व्यावहारिक समाधान दिए जाएं। बैठक में नगर परिषद आयुक्त गणपत लाल खटीक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ महेन्द्र परमार, एसीपी दीपक धाकड़, जनसंपर्क अधिकारी पुष्पक मीणा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

## खबर संक्षेप

कंपनी सचिव परीक्षा परिणाम घोषित

### प्रोफेशनल व एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम में उत्कृष्ट सफलता



**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** कंपनी सचिवों की दिसंबर 2025 में आयोजित प्रोफेशनल प्रोग्राम एवं एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। परिणाम संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट पर विषयवार उपलब्ध कराए गए हैं तथा अभ्यर्थियों के लिए अंक विवरण डाउनलोड करने की सुविधा भी प्रदान की गई है। प्रोफेशनल प्रोग्राम परीक्षा में ग्रुप-1 में 26.73 प्रतिशत तथा ग्रुप-2 में 26.67 प्रतिशत अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं। मुंबई केंद्र से किंजल अजमेरा ने अखिल भारतीय प्रथम स्थान प्राप्त किया। उदयपुर की खुशबू कुंवर ने अखिल भारतीय 11वीं रैंक प्राप्त कर शहर का गौरव बढ़ाया। उदयपुर केंद्र पर ग्रुप-1 में 19.74 प्रतिशत तथा ग्रुप-2 में 32.18 प्रतिशत अभ्यर्थी सफल रहे। एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम परीक्षा में ग्रुप-1 में 18.03 प्रतिशत तथा ग्रुप-2 में 22.26 प्रतिशत अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए। अहमदाबाद केंद्र से अनीशा दर्शन केसवानी ने अखिल भारतीय प्रथम स्थान प्राप्त किया। उदयपुर में ग्रुप-1 में 18.29 प्रतिशत तथा ग्रुप-2 में 20.66 प्रतिशत अभ्यर्थी सफल रहे। अगली परीक्षाएं 1 जून से 7 जून 2026 तक आयोजित होंगी, जिसके लिए ऑनलाइन नामांकन 26 फरवरी से प्रारंभ होगा।

ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ मध्यप्रदेश पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### करोड़ों के लेन-देन का खुलासा

**भोपाल @ पदमावत मीडिया।** अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मध्यप्रदेश पुलिस ने ग्वालियर और कटनी जिलों में बड़ी कार्रवाई करते हुए सट्टा गिरोह का भंडाफोड़ किया है। दोनों प्रकरणों में कुल 10 लाख 1 हजार रुपये नगद तथा एटीएम कार्ड, लैपटॉप, मोबाइल फोन, चेकबुक सहित लगभग 13 लाख 98



हजार रुपये मूल्य की संपत्ति जब्त की गई है। जांच में 3 करोड़ 29 लाख रुपये से अधिक के आर्थिक लेन-देन का खुलासा हुआ है। ग्वालियर जिले में क्राइम ब्रांच ने महाराजपुरा क्षेत्र में दबिश देकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया, जो मोबाइल और लैपटॉप के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहे थे। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी कमीशन के आधार पर लोगों को गेमिंग एप के माध्यम से निवेश के लिए प्रेरित करते थे और विभिन्न बैंक खातों के जरिए रकम का लेन-देन करते थे। उनके कब्जे से 4 लाख 49 हजार रुपये नगद सहित इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए।

कटनी जिले के माधवनगर क्षेत्र में फर्जी बैंक खातों के माध्यम से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित किए जाने का मामला सामने आया। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर 5 लाख 52 हजार रुपये नगद, एटीएम कार्ड और अन्य दस्तावेज जब्त किए। जांच में विभिन्न बैंकों के खातों से करोड़ों रुपये के अवैध लेन-देन का खुलासा हुआ है।

पुलिस थाना बेगूं की बड़ी कार्रवाई :

### ऑपरेशन त्रिनेत्र में 6 साल से फरार 5 हजार का ईनामी डोडाचूरा तस्कर गिरफ्तार

**चित्तौड़गढ़ @ पदमावत मीडिया।** जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस थाना बेगूं ने ऑपरेशन त्रिनेत्र में बड़ी सफलता हासिल करते हुए छह वर्षों से फरार 5 हजार रुपये के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रावतभाटा भगवतसिंह हिगड़ एवं उप पुलिस अधीक्षक बेगूं अंजलि सिंह के पर्यवेक्षण में थानाधिकारी कमलचंद मीणा के नेतृत्व में टीम गठित की गई। वर्ष 2019 में दर्ज 450 किलोग्राम डोडाचूरा तस्करी प्रकरण में आरोपी घीसालाल पुत्र चुन्नीलाल धाकड़ निवासी राणाखेड़ी थाना रतनगढ़ जिला नीमच मध्यप्रदेश फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित था। आसूचना संकलन के दौरान जानकारी मिली कि आरोपी प्रतिदिन अपने गांव के मंदिर में पूजा के लिए आता है।

## 1.86 करोड़ की डिजिटल अरेस्ट ठगी का भंडाफोड़

# छह राज्यों में सीबीआई की दबिश, तीन आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने 1.86 करोड़ रुपये की डिजिटल अरेस्ट ठगी मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए छह राज्यों में एक साथ छापेमारी कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला केरल के कोट्टायम जिले के एक वरिष्ठ नागरिक से धोखाधड़ी से जुड़ा है, जिसे डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगा गया था। सीबीआई ने डिजिटल फॉरेंसिक और वित्तीय लेनदेन की गहन जांच के आधार पर एक जटिल नेटवर्क का खुलासा किया, जिसकी कड़ियां देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ विदेशों तक जुड़ी पाई गईं।

25 फरवरी 2026 को गोवा, बेंगलुरु, पालक्काड, नागपुर, हैदराबाद और दिल्ली में एक साथ तलाशी अभियान चलाया गया। कार्रवाई में म्यूल बैंक खातों के नेटवर्क और फर्जी तरीके से प्राप्त सिम कार्ड गिरोह को निशाना बनाया गया। तलाशी के दौरान डिजिटल उपकरण, डेबिट कार्ड, बैंक दस्तावेज और अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई, जिनकी विस्तृत जांच जारी है। गोवा से गिरफ्तार ब्लेसिन जैकब अब्राहम म्यूल अकाउंट ऑपरेटर के रूप में कार्य कर रहा था। वह कथित रूप से म्यूल खातों के संचालन और क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से धन के लेनदेन में प्रमुख भूमिका निभा रहा था। उसके कब्जे से कई डिजिटल डिवाइस बरामद किए गए हैं। नागपुर से गिरफ्तार मोहम्मद मुश्ताक शेल कंपनी ऑपरेटर के रूप में कार्य कर रहा था। जांच में सामने आया कि उसने शेल कंपनी के बैंक खातों के माध्यम से अपराध की रकम प्राप्त की। उसके ठिकानों से बड़ी संख्या में डेबिट कार्ड और डिजिटल उपकरण बरामद किए गए हैं।

बेंगलुरु से गिरफ्तार मोहम्मद जुनैद फर्जी तरीके से सिम कार्ड उपलब्ध कराने में संलिप्त था। वह लोगों को 5जी सिम अपग्रेड का झांसा देकर उनके केवाईसी दस्तावेज प्राप्त करता और उन्हीं दस्तावेजों के आधार पर सिम सक्रिय कर साइबर ठगी में उपयोग करता था।

सीबीआई ने बताया कि जांच जारी है और देश-विदेश में जुड़े अन्य सहयोगियों की पहचान की जा रही है। डिजिटल अरेस्ट जैसे साइबर अपराधों के पीछे सक्रिय संगठित नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए यह कार्रवाई एक महत्वपूर्ण कदम है।

एजेंसी ने स्पष्ट किया कि संगठित साइबर अपराध गिरोहों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और डिजिटल प्रणालियों में जनता के विश्वास की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाए ।

## मरीन ड्राइव थाने में दर्ज शिकायत, बारामती आकस्मिक मृत्यु प्रकरण से जुड़े तथ्यों की जांच राज्य अपराध शाखा को सौंपी



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**मुंबई।** मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन में एक शिकायतकर्ता द्वारा मेसर्स वी.आर.एस.सी. वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के लीडर एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध लिखित तकरार प्रस्तुत की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, बुधवार को प्राप्त इस शिकायत में जिन घटनाओं का उल्लेख किया गया है, उनका संबंध 28 जनवरी 2026 को पुणे जिले के बारामती तालुका पुलिस स्टेशन में दर्ज आकस्मिक मृत्यु प्रकरण क्रमांक 1/2026 से जुड़ा पाया गया है। उक्त प्रकरण भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 194 के अंतर्गत दर्ज किया गया था।

बारामती में दर्ज आकस्मिक मृत्यु प्रकरण की सघन जांच वर्तमान में राज्य अपराध शाखा, महाराष्ट्र राज्य, पुणे द्वारा की जा रही है। मुंबई में दर्ज नई तकरार में भी समान घटनाक्रम और संबंधित पक्षों का उल्लेख सामने आने पर दोनों मामलों के तथ्यों को एकीकृत रूप से परखा जा रहा है।

प्रारंभिक परीक्षण में संभावित संबंधों के संकेत मिलने के बाद मरीन ड्राइव थाने में प्राप्त शिकायत को आगे की विवेचना हेतु राज्य अपराध शाखा, महाराष्ट्र राज्य, पुणे को विधिवत अग्रेषित कर दिया गया है। इससे दोनों प्रकरणों की संयुक्त और व्यापक जांच संभव हो सकेगी।

पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रकरण से जुड़े प्रत्येक पहलू की गंभीरता से जांच की जाएगी तथा जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर विधिसम्मत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

अंतर-जिला स्तर पर जुड़े इस प्रकरण में समन्वित जांच प्रक्रिया के माध्यम से तथ्यात्मक सत्य स्थापित करने की दिशा में कार्रवाई जारी है।

## थाना आनंदपुरी की बड़ी कार्रवाई : राहगीरों से मारपीट और उत्पात करने वाले 03 बदमाश गिरफ्तार, बाइक जब्त

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**बांसवाड़ा।** जिले के थाना आनंदपुरी पुलिस ने राहगीरों को परेशान करने, मारपीट करने और आम रोड पर उत्पात मचाने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर उनकी बाइक जब्त की है। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरपत सिंह भाटी एवं वृत्ताधिकारी बागीदौरा संदीप सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी कपिल पाटीदार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई की। प्रार्थी शिवम कुमार निवासी नेकपुर जिला भरतपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 23 फरवरी 2026 को गांव ओबला में कपड़े बेचते समय तीन व्यक्तियों ने कम दाम को लेकर विवाद कर मारपीट की। पुलिस ने




बादल पुत्र पिन्टू कटारा निवासी ओबला, प्रकाश पुत्र शंकरलाल डोडियार निवासी मेनापादर तथा विनोद पुत्र नानु पारगी निवासी कहवाड़ा थाना आनंदपुरी को गिरफ्तार किया। पुलिस को शिकायतें मिली थीं कि तीनों शराब पीकर बाइक स्टंट करते और राहगीरों को प्रतिदिन परेशान कर आमजन में भय का वातावरण बना रहे थे। आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी मोटरसाइकिल जब्त कर ली गई है।

होली एवं धुलण्डी पर्व को देखते हुए जिले में विशेष निगरानी और सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

## महिदपुर रोड थाना पुलिस की त्वरित कार्रवाई : अपहरण एवं दुष्कर्म आरोपी उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार, नाबालिग बालिका सकुशल बरामद

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उज्जैन।** अपहृत बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत महिदपुर रोड थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहरण एवं दुष्कर्म के आरोपी को उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार कर नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद किया।

पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अभिषेक रंजन के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस महिदपुर जेंडेन लिंगजेरपा के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक आर.एस. भाबोर के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।

21 फरवरी 2026 को थाना महिदपुर रोड




पर सूचना प्राप्त हुई कि 20-21 फरवरी की दरमियानी रात्रि एक नाबालिग बालिका को अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया। इस पर प्रकरण दर्ज कर तकनीकी साक्ष्यों, मोबाइल लोकेशन एवं कॉल विवरण के आधार पर जांच प्रारंभ की गई। जांच में आरोपी की लोकेशन मऊ जिला चित्रकूट उत्तरप्रदेश में मिलने पर पुलिस टीम वहां पहुंची और बालिका को सकुशल बरामद किया। आरोपी आकाश त्रिपाठी पुत्र सनत त्रिपाठी निवासी ग्राम मंडोर थाना चित्रकूट जिला चित्रकूट उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार किया गया। पीड़िता के कथनों के आधार पर प्रकरण में दुष्कर्म सहित अन्य धाराएं जोड़ी गई हैं। आरोपी से विस्तृत पूछताछ जारी है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा ऐसे अपराधों में कठोर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## डायल-112 जवानों की तत्परता से बची जान, समय पर सीपीआर देकर हृदयघात पीड़ित को मिला जीवनदान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**भोपाल।** आपातकालीन परिस्थितियों में मध्यप्रदेश पुलिस की डायल-112 सेवा एक बार फिर जीवन रक्षक साबित हुई। देवास जिले में डायल-112 जवानों ने समय पर सीपीआर देकर हृदयघात से पीड़ित व्यक्ति की जान बचाई।

24 फरवरी 2026 को थाना टोकखुर्द अंतर्गत ग्राम कलमा में एक व्यक्ति के अचानक अचेत होकर गिरने की सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल को प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही निकटतम डायल-112 वाहन को तत्काल रवाना किया गया। मौके पर पहुंचकर प्रधान आरक्षक



राकेश डामोर एवं पायलट यशवंत पटेल ने व्यक्ति को अचेत अवस्था में पाया। स्थिति गंभीर होने पर दोनों जवानों ने तुरंत सीपीआर प्रक्रिया प्रारंभ की। कुछ मिनटों तक लगातार प्रयास के बाद व्यक्ति को होश आ गया।

इसके बाद उसे जिला अस्पताल देवास पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। परिजनों ने पुलिस टीम की तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता के लिए आभार व्यक्त किया।

यह घटना आपातकालीन सेवा में त्वरित कार्रवाई, प्रशिक्षण और जन-सेवा के संकल्प का प्रभावी उदाहरण बनकर सामने आई है।

## पुलिस थाना कनेरा की बड़ी कार्रवाई : ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत एनडीपीएस एक्ट का फरार आरोपी दो साथियों सहित गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**चित्तौड़गढ़।** जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और वांछित आरोपियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस थाना कनेरा ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत प्रभावी कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट के एक पुराने प्रकरण में दो वर्षों से फरार सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही दो अन्य व्यक्तियों को 2 लाख 98 हजार 200 रुपये नगद के साथ पकड़ा गया। पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह एवं उप पुलिस अधीक्षक निम्बाहेड़ा बद्रीलाल के पर्यवेक्षण में थानाधिकारी महेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। नाकाबंदी के दौरान एएसआई बालमुकुन्द, महेन्द्र कुमार तथा कांस्टेबल रेवताराम, सुनील चौधरी और अबरार ने दो व्यक्तियों को रोककर तलाशी ली, जिनके पास से 2,98,200 रुपये नगद बरामद हुए। पूछताछ में दोनों ने बताया कि उक्त राशि आशुतोष उर्फ आशीष उर्फ काना बैरागी पुत्र रामकिशन बैरागी निवासी बेणीपुरिया को देने जा रहे थे। सूचना पर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे डिटेन किया। जांच में सामने आया कि वह थाना रानी जिला पाली के एनडीपीएस एक्ट प्रकरण में दो वर्षों से फरार चल रहा था। पुलिस ने राजू माली, दिनेश मीणा तथा आशुतोष उर्फ आशीष उर्फ काना बैरागी को विधिक प्रावधानों के तहत गिरफ्तार कर नगद राशि जब्त की है।

जयपुर उत्तर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## एरिया डोमिनेशन अभियान में 178 आदतन अपराधी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com





**जयपुर।** जिले में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से जयपुर उत्तर पुलिस द्वारा एरिया डोमिनेशन अभियान चलाकर सक्रिय आदतन एवं हार्डकोर अपराधियों के संभावित ठिकानों पर सघन दबिश दी गई। अभियान के दौरान कुल 178 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करन शर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्तों के सुपरविजन तथा समस्त सहायक पुलिस आयुक्तों एवं थानाधिकारियों के नेतृत्व में विशेष टीमें गठित की गईं। पुलिस टीमों ने कुल 377 संभावित ठिकानों पर दबिश देकर तलाशी अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान हिस्ट्रीशीटर, स्थायी वारंटी, फरार, गिरफ्तारी वारंटी, ईनामी तथा जघन्य अपराधों में वांछित अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। विभिन्न अधिनियमों के तहत दर्ज प्रकरणों में भी गिरफ्तारी की गई। अभियान के अंतर्गत मादक पदार्थ संबंधी 5, आबकारी अधिनियम में 11, शस्त्र अधिनियम में 3, अन्य अधिनियम में 1 प्रकरण में कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त विभिन्न धाराओं में 97 कार्रवाई, 47 स्थायी एवं गिरफ्तारी वारंट की तामील, 1 ईनामी अपराधी तथा 7 वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान 4 वाहन भी जब्त किए गए। जयपुर उत्तर पुलिस की इस व्यापक कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मचा है।

## कोतवाली निम्बाहेड़ा की बड़ी सफलता : नकबजनी प्रकरण में चोरी का गलाया गया सोना-चांदी बरामद

**चित्तौड़गढ़ @ पदमावत मीडिया।** कस्बा निम्बाहेड़ा में दिनदहाड़े हुई नकबजनी की वारदात में कोतवाली निम्बाहेड़ा थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए चोरी का माल खरीदने वाले सुनार से गलाया गया सोना-चांदी बरामद किया है। पुलिस ने एक चांदी की सिल्ली तथा सोने का टुकड़ा जब्त किया है। जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के निर्देशन में पुलिस टीम द्वारा 13 फरवरी को कौशल्या नगर स्थित मकान में हुई चोरी की वारदात का अनुसंधान किया जा रहा था। वारदात में लगभग 4 तोला सोने की चूड़ी, 2 तोला सोने की कान की बालियां सहित अन्य सामान चोरी हुआ था। प्रकरण में पूर्व में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है तथा एक बाल अपचारी को डिटेन किया गया था। पूछताछ में सूयज पुत्र सुभाष राजपूत निवासी नीमकाथाना छावनी जिला सीकर ने चोरी के आभूषणों को गलाकर खुर्द-बुर्द करना स्वीकार किया। न्यायालय से पुलिस रिमांड प्राप्त कर आरोपी से चांदी की सिल्ली और सोने का टुकड़ा बरामद कर जब्त किया गया। आरोपी राजू उर्फ कालू बागरी तथा राहुल बावरी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

## 2635 अफीम के पौधों की अवैध खेती पकड़ी, आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा @ पदमावत मीडिया।** अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बागोर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 2635 अफीम के पौधों की अवैध खेती का खुलासा कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहाड़ा बुद्धराज तथा वृत्ताधिकारी माण्डल राहुल जोशी के सुपरविजन में थानाधिकारी भंवरलाल के नेतृत्व में विशेष टीम




गठित की गई। 24 फरवरी 2026 को मुखबिर सूचना पर ग्राम दादिया क्षेत्र में कच्चे रास्ते के पास स्थित खेत में दबिश दी गई। खेत में मौजूद बद्रीलाल पुत्र हीरालाल जाट निवासी दादिया थाना बागोर को मौके पर पकड़ा गया। तलाशी के दौरान जौ एवं मेथी की फसल के बीच एक कोने में छोटे-बड़े कुल 2635 अफीम के पौधे पाए गए।

पुलिस आयुक्तालय जोधपुर की बड़ी कार्रवाई

## लग्जरी वाहनों से नगदी व कीमती सामान चोरी करने वाली गैंग का पदार्फाश, 02 शातिर गिरफ्तार

**जोधपुर @ पदमावत मीडिया।**
**जोधपुर।** पुलिस आयुक्तालय जोधपुर ने भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में लग्जरी वाहनों को निशाना बनाकर नगदी, जेवरात व कीमती सामान चोरी करने वाली गैंग का पदार्फाश करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने जोधपुर शहर में करीब 100 से अधिक वारदातें करना स्वीकार किया है। पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश एवं पुलिस उपायुक्त जोधपुर पश्चिम विनीत कुमार बंसल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रोशन मीणा व सहायक पुलिस आयुक्त छवि शर्मा के सुपरविजन में थानाधिकारी बासनी नितिन दवे के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। 20 फरवरी 2026 को प्रार्थिया रेखा शर्मा निवासी ब्यावर ने एम्स अस्पताल जोधपुर के बाहर खड़ी कार से 2 लाख 70 हजार रुपये नगद, सोने की अंगूठी, मोबाइल व अन्य सामान चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस टीम ने लगभग 350 सीसीटीवी कैमरों की जांच कर एक संदिग्ध टैक्सी की पहचान की, जिसके आगे अंग्रेजी में जाई माजीसा लिखा था। तकनीकी विश्लेषण के आधार पर 24 फरवरी 2026 को राज चौहान पुत्र जगदीश सिंह चौहान निवासी हुडको क्वार्टर चांदना भाखर तथा प्रमोदसिंह चौहान पुत्र मेलुसिंह चौहान निवासी चौपासनी हाउसिंग बोर्ड को दस्तयाब किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे अस्पताल, मैरिज गार्डन व धार्मिक स्थलों पर रैकी कर पेचकस व मास्टर की से कारों के लॉक तोड़कर चोरी करते थे। उनके कब्जे से 30 मोबाइल फोन, जेवरात, बैग, कॉस्मेटिक सामान तथा 1 लाख 15 हजार रुपये नगद सहित बड़ी मात्रा में चोरी का माल बरामद किया गया।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : **पवन मॉंगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय** : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। **मो. नं.** : +91-95945-42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।